भारत सरकार

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्रालय

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं. 2960

उत्तर देने की तारीख: 08.08.2024

कॉयर उत्पादन

2960. **श्री सी. एन. अन्नादुरईः**
श्री नवसकनी के.:
श्री जी. सेल्वमः
श्री जयंत कुमार रायः

क्या **सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार वार्षिक आधार पर संपूर्ण कॉयर उत्पादन का उपभोग करने के लिए घरेलू बाजार हेतु अवसंरचना का सृजन करने में विफल रही है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं;

(ख) क्या कॉयर और कॉयर उत्पादों की बिक्री कॉयर बोर्ड शोरूम और बिक्री केन्द्रों के माध्यम से की जाती है;

(ग) सरकार ने कॉयर उत्पादों को बेचने के लिए देश भर में कुल कितने विक्रय केंद्र स्थापित किए हैं और अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति और समाज के अन्य कमजोर वर्गों को कितने विक्रय केन्द्र आवंटित किए हैं;

(घ) क्या अधिकांश दुकानों की हालत दयनीय है और उनकी तत्काल मरम्मत की आवश्यकता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या सुधारात्मक कदम उठाए गए हैं;

(ङ) क्या कॉयर उत्पादों की पहुंच बहुत सीमित है तथा केवल महानगरों और प्रमुख शहरों तक ही सीमित है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) क्या सरकार घरेलू बाजार, जिसमें कॉयर उत्पादों हेतु अपार संभावनाएं हैं, का लाभ उठाने के लिए कदम उठाएगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(छ) क्या सरकार ने पूरे देश में कॉयर उत्पादों को लोकप्रिय बनाने और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए हैं, यदि हां, तो इस दिशा में क्या कदम उठाए गए हैं;

(ज) सरकार द्वारा संपूर्ण कॉयर उत्पादन की खपत के लिए घरेलू बाजार हेतु अवसंरचना सृजित करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं; और

(झ) क्या दुकानों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम राज्य मंत्री

(सुश्री शोभा करांदलाजे)

(क) से (ग): कयर बोर्ड ने घरेलू बाजार में कयर और कयर उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने के लिए देश में 29 शोरूम और 01 विशेष हस्तशिल्प केंद्र स्थापित किए हैं। केन्द्रों का आबंटन अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति श्रेणी के अनुसार नहीं किया गया है, तथापि अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति सहित, सभी श्रेणियों के संबंधित कारीगरों के कयर उत्पादों को कयर बिक्री केन्द्रों में बेचा जाता है।

(घ): कयर बोर्ड समय-समय पर और जरूरत के आधार पर अपने शोरूमों का नवीनीकरण करता है। इंदौर, नवी मुंबई, लखनऊ, पटना, त्रिवेंद्रम और वाराणसी स्थित शोरूमों के नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हो चुका है। जम्मू, जयपुर, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में शोरूमों का कार्य नवीनीकरण के अधीन है।

(ङ): कयर उत्पादों की पहुंच केवल महानगरों और प्रमुख शहरों तक ही सीमित नहीं है। बोर्ड कयर और कयर उत्पादों को उपभोक्ताओं तक पहुँचाने के लिए छोटे शहरों और आदिवासी क्षेत्रों में प्रदर्शनियों में भाग लेता है। बिक्री की संभावना अधिक होने के कारण बोर्ड के शोरूम महानगरों और प्रमुख शहरों में क्रियाशील हैं।

(च) और (छ): कयर बोर्ड ने समग्र देश में 29 शोरूम और 01 विशिष्ट हस्तशिल्प केंद्र स्थापित किए हैं और देश भर में कयर उत्पादों को लोकप्रिय बनाने और उनकी उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निम्नलिखित कदम उठाए गए हैं:

i. विभिन्न कयर उत्पादों के लिए नियमित प्रचार-प्रसार अभियान।
ii. युवा कयर कारीगरों और महिलाओं के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम।
iii. राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय प्रदर्शनियों में भागीदारी।

कयर बोर्ड ने घरेलू बाजार में कयर और कयर उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने और शोरूमों के माध्यम से बिक्री में पर्याप्त उछाल प्राप्त करने के उद्देश्य से एक विपणन रणनीति तैयार की है। कयर बोर्ड ने अधिप्राप्ति रणनीति, थोक बिक्री और त्यौहारी मौसम के लिए छूट रणनीति, बिक्री को बढ़ावा देने के लिए व्यवसाय विकास सलाहकारों की नियुक्ति, स्थानीय केबल नेटवर्क, एफएम पर विज्ञापनों, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार के प्रयासों जैसे विभिन्न उपायों और सुधारों को कार्यान्वित किया है।

(ज): जैसा कि उपरोक्त (क) में उत्तर दिया गया है।

(झ): वर्तमान में, केन्द्रों की संख्या बढ़ाने का कोई प्रस्ताव नहीं है।

****